अध्याय 3

सरकारी क्षेत्रक योजनाः संसाधन और आवंटन

सिहांवलोकन

3.1 खंड के अध्याय 2 में, दसवीं योजना में 8 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जी डी पी) वृद्धि के अनुरूप, सरकारी क्षेत्रक निवेशों के अपेक्षित स्तर का उल्लेख किया गया है। ये अनुमान सरकारी क्षेत्रक योजना संसाधनों के न्यूनतम आकार का आधार हैं जो योजना लक्ष्यों के लिए जुटाए जाने के लिए आवश्यक हैं । इस अध्याय में 2001-2002 कीमतों पर दसवीं योजना के लिए 15,92,300 करोड़ रुपए (पन्द्रह लाख, बानवे हजार और तीन सौ करोड़ रुपए अथवा लगभग 160 खरब रुपए) के सरकारी क्षेत्रक संसाधन पूर्वानुमानित हैं । तुलनीय कीमतों पर यह नौवीं योजना प्राप्ति की तुलना में 67.4 प्रतिशत वृद्धि का द्योतक है । एक संघारणीय ऋणभार सुनश्चित करने तथा निजी बचतों पर सरकारी क्षेत्रक ड्राफ्ट को एक उचित सीमा के अंदर रखने की द्वि-आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, प्रक्षेपित वृद्धि में ऋण संसाधनों का अंशदान केवल 6.6 प्रतिशत बैठता है । परिमिणामस्वरूप, ऋण-भिन्न संसाधनों को, नौवीं योजना प्राप्ति की तुलना में, दसवीं योजना संसाधनों में प्रक्षेपित वृद्धि में 93.4 प्रतिशत का योगदान करना चाहिए।

3.2 यदि नौवीं योजना के प्रक्षेपणों की तुलना में ऋण-भिन्न संसाधनों की असंतोषजनक प्राप्ति को ध्यान में रखा जाना है तो दसवीं योजना लक्ष्य स्तरों तक ऋण-भिन्न संसाधन जुटाना काफी कठिन है, यद्यपि निश्चित रूप से असंभव नहीं है। तथापि, इस संबंध में राजकोषीय सुधारों का महत्व अत्यधिक हो जाता है और दसवीं योजना के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं । जी डी पी अनुपात में कर बढ़ाने, उपभोक्ता प्रभार बढ़ाने, प्रशासन तथा स्थापना पर व्यय को संकुचित करने और सरकारी क्षेत्रक उद्यमों द्वारा वाणिज्यिक सिद्धांतों को अपनाने संबंधी सुधारों पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाना चाहिए और उनके समयबद्ध परिणाम प्राप्त होने चाहिए। इस अध्याय में केन्द्र तथा राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों के नौवीं योजना निष्पादन की समीक्षा की गई है, दसवीं योजना संसाधनों को प्रक्षेपित किया गया है, नौवीं योजना प्राप्ति स्तरों की तुलना में अपेक्षित वृद्धिकारी प्रयासों का आकलन किया गया है, दसवीं योजना के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कुछ नीतियों का प्रस्ताव किया गया है तथा सरकारी क्षेत्रक योजना संसाधनों का आवंटन दर्शाया गया है।

नौवीं योजना के दौरान केन्द्र के संसाधन

3.3 नौवीं योजना के लिए, 1996-97 कीमतों पर 3,74,000 करोड़ रुपए की केन्द्र की सकल बजटीय सहायता (जी बी एस) का पूर्वानुमान लगाया गया था, जिसमें राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 1,70,018 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता सम्मिलित है । केन्द्रीय सरकार क्षेत्रक इकाइयों (d-l- {k-m-) के 2,85,379 करोड़ रुपए के पूर्वानुमान नौवीं योजना संसाधनों के साथ, केन्द्रीय योजना के लिए उपलब्ध संसाधनों की राशि 4,89,361 करोड़ रुपए तय की गई थी । नौवीं योजना प्राप्ति की दृष्टि से केन्द्र जी बी एस 3,16,286 करोड़ रुपए अथवा प्रक्षेपित स्तर का 84.6 प्रतिशत आंकी गई है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के लिए केन्द्रीय सहायता की प्राप्ति 1,38,394 करोड़ रुपए अथवा प्रक्षेपित स्तर का 81.4 प्रतिशत है । के.स.क्षे.उ. के 2,28,795 करोड़ रुपए के संसाधनों अथवा प्रक्षेपित स्तर के 80.2 प्रतिशत की प्राप्ति के साथ, केन्द्रीय योजना के लिए उपलब्ध संसाधन प्रक्षेपित स्तर के 83.1 प्रतिशत अथवा 1996-97 कीमतों पर 4,06,687 करोड़ रुपए बैठते हैं । तालिका 3.1 में नौवीं योजना संसाधनों के प्रक्षेपण और प्राप्ति तथा केन्द्र द्वारा इसके वित्त पोषण का उल्लेख किया गया है।

3.4 जी बी एस के वित्त पोषण की प्राप्त पद्धति, नौवीं योजना पूर्वानुमानों की तुलना में ऋण-भिन्न अंशदान में महत्वपूर्ण गिरावट को परिलक्षित करती है । जी बी एस में चालू राजस्व शेष (बी सी आर) का हिस्सा, केवल ऋणात्मक 0.7 प्रतिशत के प्रक्षेपित हिस्से के विपरीत ऋणात्मक 49.6 प्रतिशत हो गया । इसलिए बी सी आर अंतर को पाटने के लिए उधारों की प्राप्ति स्तर को 84.7 प्रतिशत के प्रक्षेपित स्तर के विपरीत 144.1 प्रतिशत तक बढ़ाना पड़ा ।

3.5 बी सी आर में 5,544.0 प्रतिशत की गिरावट राजस्व प्राप्तियों का स्तर स्थिर रहने और जी डी पी की तुलना में योजना-भिन्न राजस्व व्यय (एन पी आर ई) में vi{kk l vfekd वृद्धि होने के कारण आई। निवल केन्द्रीय प्राप्तियों में जी डी पी

तालिका 3.1
केन्द्र के नौवीं योजना संसाधन

(1996-97 कीमतों पर करोड़ रुपए)

वित्तपोषण के स्रोत	प्रेक्षपण	प्राप्ति	प्रतिशत प्राप्ति
1. चालू राजस्व से शेष	-2,778 (-0.7)	-1,56,790 (-49.6)	*-5,544.0*
2. उधार, निवल एम सी आर सहित	3,16,760 (84.7)	4,55,624 (144.1)	*143.8*
3. विदेश से निवल प्रवाह	60,018 (16.0)	17,452 (5.5)	*29.1*
4. योजना के लिए सकल बजटीय सहायता (1 से 3)	**3,74,000 (100.0)**	**3,16,286 (100.0)**	***84.6***
5. राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता	-1,70,018 (45.5)	-1,38,394 (43.8)	*81.4*
6. केन्द्रीय योजना के लिए जी बी एस (4+5)	**2,03,982**	**1,77,892**	***87.2***
7. सरकारी क्षेत्रक उद्यमों के संसाधन	2,85,379	2,28,795	*80.2*
8. केन्द्रीय योजना के लिए संसाधन (6+7)	**4,89,361**	**4,06,687**	***83.1***

टिप्पणी : कोष्ठक में दी गई संख्या योजना के लिए जी बी एस की प्रतिशतता दर्शाते हैं ।

की तुलना में 0.43 प्रतिशतांक की गिरावट आई जो 1996-97 में 9.23 प्रतिशत से 2001-02 में 8.80 प्रतिशत हो गई । कर राजस्व (निवल) में एक प्रतिशतांक से अधिक की गिरावट आई जो 1996-97 में 6.85 प्रतिशत से 2001-02 में 5.80 प्रतिशत हो गया । कर राजस्व (निवल) में गिरावट की इसी अवधि के दौरान कर-भिन्न राजस्व 2.38 प्रतिशत से 3.07 प्रतिशत तक बढ़ने पर 0.69 प्रतिशतांक की वृद्धि से क्षतिपूर्ति नहीं हो सकी । कर राजस्व (निवल) में 1.05 प्रतिशतांक गिरावट के विपरीत, केन्द्र का सकल कर राजस्व 1.21 प्रतिशतांक तक कम हो गया जो 1996-97 में 9.41 प्रतिशत से 2001-02 में 8.20 प्रतिशत हो गया । इसका अर्थ है कि केन्द्रीय वित्त के संबंध में सकल केन्द्रीय कर राजस्व में गिरावट कुछ सीमा तक राज्यों के साथ बांटी गई ।

3.6 जी डी पी की दृष्टि से सकल केन्द्रीय कर राजस्व में गिरावट से निम्नलिखित मुद्दों के संबंध में चिंता पैदा होती हैः-

- कर आधार में संकुचन, जैसा कि सेवा कर आधार के अपर्याप्त कवरेज में निहित है ।
- विभिन्न प्रकार की कर रियायतों और छूटों में वृद्धि ।
- कर दरों के ऊपरी ओर समायोजना के बगैर संशोधित मूल्यवर्धित कर के कवरेज में वृद्धि ।
- कर प्रशासन की सामान्य ढील जिसके फलस्वरूप राजस्व क्षरण हुआ ।

3.7 एन पी आर ई में जी डी पी के 1.30 प्रतिशतांक तक तेज वृद्धि हुई जो 1996-97 में 9.30 से 2001-02 में 10.60 प्रतिशत तक हो गया । इस वृद्धि का ब्यौरा संक्षेप में तालिका 3.2 में दिया गया है।

3.8 एन पी आर ई में लगभग 40 प्रतिशत वृद्धि का कारण पेंशन और वेतन अंशयगियों में वृद्धि होना था जो पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के कारण थी। सब्सिडियों व अन्य एन पी आर ई में वृद्धि के साथ-साथ जिसमें मुख्य रूप से रक्षा शामिल है बी सी आर में बड़ी गिरावट, केन्द्र की राजस्व प्राप्तियों के स्थिर स्तरों का परिणाम थी। अंतर को पाटने के लिए उधारों में वृद्धि करनी पड़ी जिससे बाद में ब्याज भार बढ़ गया तथा एन पी आरई में और वृद्धि हुई, जिसके फलस्वरूप बी सी आर में गिरावट आई । नौवीं योजना के दौरान ब्याज अदायगियों में वृद्धि का हिस्सा कुल एन पी आर ई वृद्धि का एक-चौथाई था।

3.9 ऋण-परिशोधन भार, राजस्व प्राप्तियों में से ब्याज

अदायगियों की प्रतिशतता द्वारा यथा परिलक्षित, 1996-97 में 47.1 प्रतिशत से बढ़कर 2001-02 में 50.5 प्रतिशत हो गया, जो केन्द्र ऋण भार की दुर्बल संघारणीयता पर प्रकाश डालता है । केन्द्र का ऋण भार इसी अवधि के दौरान लगभग 8 प्रतिशतांक बढ़ गया जो जी डी पी के 49.4 प्रतिशत से 57.5 प्रतिशत हो गया। केन्द्र का सकल राजकोषीय घाटा,

तालिका 3.2
केन्द्र का एन पी आर ई और इसके संघटक

(जी डी पी की प्रतिशतता के रूप में)

मद	1996-97	2001-02	वृद्धि
1. ब्याज	4.35	4.69	0.34
2. पेंशन	0.37	0.64	0.27
3. वेतन	0.48	0.76	0.28
4. सब्सिडियां	1.13	1.33	0.20
5. अन्य एन पी आर ई	2.97	3.18	0.21
6. (जोड़) एन पी आर ई	9.30	10.60	1.30

जिसकी वजह से यह हुआ, 1996-97 में जी डी पी के 4.88 प्रतिशत से बढ़कर 2001-02 में 5.76 प्रतिशत हो गया, अर्थात 0.88 प्रतिशतांक की वृद्धि । परिणामस्वरूप, जी बी एस के वित्त पोषण के लिए वित्त पोषण प्रक्षेपित स्तर से 43.8 प्रतिशत ऊंचा था।

3.10 पूर्वानुमान था कि सरकारी खाते में विदेश से निवल प्रवाह से जिसका प्रयोग विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं (ई ए पी) के वित्त पोषण हेतु किया जाता है, नौवीं योजना में जी बी एस के 16.0 प्रतिशत का योगदान होगा। किन्तु इसकी प्राप्ति लक्ष्य की 29.1 प्रतिशत हुई जिससे योजनागत संसाधनों में इसका प्राप्ति हिस्सा कम होकर 5.5 प्रतिशत हो गया। विदेश से निवल प्रवाह में गिरावट का कारण अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध, जो पोखरण परमाणु परीक्षणों के बाद लगाए गए थे तथा घरेलू संसाधनों के माध्यम से ई ए पी परियोजनाओं के प्रतिपक्ष वित्त पोषण हेतु अपर्याप्त व्यवस्था बताई गई है।

3.11 केन्द्र की जी बी एस की कम प्राप्ति के अनुसरण में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की योजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता में भी लगभग 81.4 प्रतिशत की उपलब्धि का ऐसा ही स्तर रिकार्ड किया गया। जी बी एस की प्रतिशतता के रूप में केन्द्रीय सहायता, जो 45.5 प्रतिशत पर प्रक्षेपित थी, कम होकर 43.8 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। केन्द्रीय सहायता की मात्रा के संबंध में घटती हुई जी बी एस का आनुपातिक प्रभाव स्पष्टतः यहां देखा जा सकता है।

3.12 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता को हिसाब में लेने के बाद, पूर्वानुमान था कि केन्द्रीय क्षेत्रक योजना के लिए शेष जी बी एस केन्द्रीय योजना संसाधनों की 41.7 प्रतिशत होगी । के.स.क्षे.उ. के आंतरिक और बजट-बाह्य संसाधनों (आई ई बी आर) से 58.3 प्रतिशत के शेष हिस्से की व्यवस्था हुई। नौवीं योजना में आई ई बी आर का प्राप्ति हिस्सा 56.3 प्रतिशत आकलित किया गया है, जो कुल मिलाकर जी बी एस के समान ही गिरावट का संकेत देता है। निरपेक्ष दृष्टि से आई ई बी आर की प्राप्ति 80.2 प्रतिशत थी। के.सं.क्षे.उ. की प्रचालनात्मक अक्षमताओं की वजह से आंतरिक संसाधनों की कम प्राप्ति हुई।

केन्द्र के दसवीं योजना (2002-07) संसाधनों का पूर्वानुमान

3.13 दसवीं योजना के दौरान 8 प्रतिशत जी डी पी विकास प्राप्त करने के लिए सरकारी क्षेत्रक निवेशों में वृद्धि करने की आवश्यकताओं के अनुरूप केन्द्र का जी बी एस, 2001-02 में जी डी पी के 4.33 प्रतिशत से 2006-07 मं 5.39 प्रतिशत बढ़ने का पूर्वानुमान है । इस प्रकार, दसवीं योजना का पूर्वानुमानित औसत जी बी एस, जी डी पी का 4.93 प्रतिशत बैठता है जबकि नौवीं योजना के दौरान प्राप्ति 4.02 प्रतिशत थी ।

3.14 राजकोषीय संघारणीयता के आधारों की मांग है कि दसवीं योजना के लिए जी बी एस के वित्त पोषण के संबंध में ऋण वित्त पोषण में कटौती की जाए । तदनुसार, सकल राजकोषीय घाटा, जो 2001-02 में जी डी पी का 5.90 प्रतिशत था, कम होकर 2006-07 में 4.32 प्रतिशत होने का अनुमान है, जिससे 4.73 प्रतिशत का दसवीं योजना औसत प्राप्त होगा । नौवीं योजना औसत प्राप्ति 5.82 प्रतिशत थी। सकल राजकोषीय घाटा अपने उधारों में निहित है, जिसमें निवल विविध पूंजी प्राप्तियां (एम सी आर) शामिल हैं । एम सी आर सहित स्वयं के उधार दसवीं योजना में जी डी पी के 4.78 प्रतिशत पूर्वानुमानित हैं, जो नौवीं योजना के दौरान प्राप्त 5.78 प्रतिशत से कम हैं। विदेश से निवल प्रवाह, विदेशी सहायता के रूप में, जी डी पी के 0.19 प्रतिशत के पूर्वानुमानित हैं, जो नौवीं याजना के दौरान प्राप्त 0.22 प्रतिशत से मामूली से कम है।

3.15 बी सी आर का आकलन जी डी पी के 0.04 प्रतिशत के थोड़ से नकारात्मक के रूप में किया गया है जबकि नौवीं योजना में नकारात्मक 1.98 प्रतिशत प्राप्त हुआ था। इस सीमा तक बी सी आर प्राप्त करने के वास्ते केन्द्रीय राजस्व(निवल), 2001-02 में जी डी पी के 8.80 प्रतिशत से बढ़कर 2006-

07 में 9.98 प्रतिशत होना चाहिए, अर्थात 1.18 प्रतिशतांक की वृद्धि। एन पी आर ई, 2001-02 में जी डी पी के 10.60 प्रतिशत से कम होकर 9.06 प्रतिशत होना चाहिए, अर्थात 1.54 प्रतिशतांक की कमी । इस प्रकार, दसवीं योजना के दौरान बी सी आर में 2.72 प्रतिशतांक का सुधार मुख्यतः एन पी आर के संकुचन द्वारा प्राप्त करने का प्रयास है।

3.16 दसवीं योजना के दौरान राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता, केन्द्र के जी बी एस के 42.5 प्रतिशत पर पूर्वानुमानित है। जी डी पी की तुलना में, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता दसवीं योजना में 2.09 प्रतिशत पूर्वानुमानित है, अर्थात नौवीं योजना के दौरान प्राप्त 1.76 प्रतिशत से अधिक। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को दी जाने वाली केन्द्रीय सहायता को घटाने के पश्चात केन्द्रीय योजना के लिए उपलब्ध जी.बी.एस. सकल घरेलू उत्पाद का 2.82 प्रतिशत बैठता है जो नौवीं योजना की 2.26 प्रतिशत की उपलब्धि से 0.56 प्रतिशत अधिक है।

3.17 सरकारी क्षेत्रक निवेश और बचत आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद, के.स.क्षे.उ. के आई आर, दसवीं योजना में जी डी पी के 2.85 प्रतिशत पर आंके गए हैं, अर्थात नौवीं योजना के दौरान प्राप्त 2.15 प्रतिशत से अधिक । रेलवे और विद्युत क्षेत्रक के.स.क्षे.उ. को इस लक्ष्य की प्राप्ति के वास्ते अपनी प्रचालनात्मक कार्यकुशलता बढ़ानी चाहिए। के.स.क्षे.उ. के बजट-बाह्य संसाधन (ई बी आर), जी डी पी के 0.75 प्रतिशत पर पुर्वानुमानित हैं, वहीं जो स्तर नौवीं योजना में प्राप्त हुआ था। इस प्रकार के.स.क्षे.उ. के आई ई बी आर दसवीं योजना में जी डी पी के 3.60 प्रतिशत आकलित है।

3.18 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की योजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता कम करके जी बी एस 2.79 प्रतिशत पूर्वानुमानित हैं तथा के.स.क्षे.उ. के आई ई बी आर 3.60 प्रतिशत संकेतित है, केन्द्रीय योजना के लिए उपलब्ध संसाधन जी डी पी के 6.39 प्रतिशत पर आकलित किए गए हैं, जो नौवीं योजना के दौरान प्राप्त 5.16 प्रतिशत से अधिक है, अर्थात 1.23 प्रतिशतांक की वृद्धि । तालिका 3.3 से केन्द्र के संसाधनों और दसवीं योजना में उसके पोषण का पता चलता है।

3.19 केन्द्र का जी बी एस, 2001-02 कीमतों पर 7,06,000 करोड़ रुपए आकलित है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की योजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता 3,00,265 करोड़ रुपए बैठती है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता काटने के बाद, केन्द्रीय योजना के लिए उपलब्ध जी बी एस, 2001-02 कीमतों पर 4,05,735 करोड़ रुपए है । के.स.क्षे.उ. के 2001-02 कीमतों पर 5,15,556 करोड़ रुपए के आई ई बी आर के साथ, केन्द्रीय योजना के लिए उपलब्ध कुल संसाधन 2001-02 कीमतों पर 9,21,291 करोड़ रुपए पूर्वानुमानित हैं। केन्द्रीय मंत्रालयों ने 4,87,448 करोड़ रुपए के आई ई बी आर का उल्लेख किया है, जो अपेक्षित आई ई बी आर की तुलना में 28,108 करोड़ रुपए कम है। केन्द्रीय मंत्रालयों द्वारा फिलहाल बताए गए आई ई बी आर, यदि उन्हें पूर्वानुमानित आई ई बी आर के स्थान पर लिया जाए तो दसवीं योजना के लिए केन्द्रीय संसाधन कम होकर 8,93,183 करोड़ रुपए हो जाते हैं।

तालिका 3.3

केन्द्र के दसवीं योजना संसाधनों का पूर्वानुमान

(2001-02 कीमतों पर करोड़ रुपए)

	वित्तपोषण के स्रोत	पूर्वानुमान
1.	चालू राजस्व से शेष (बी सी आर)	-6,385 (-0.9)
2.	निवल एम सी आर सहित उधार	6,85,185 (97.0)
3.	विदेश से निवल प्रवाह	27,200 (3.9)
4.	**योजना के लिए सकल बजटीय सहायता (1 से 3)**	**7,06,000 (100.0)**
5.	राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता	-3,00,265 (42.5)
6.	**केन्द्रीय योजना के लिए जी बी एस (4+5)**	**4,05,735**
7.	**सरकारी क्षेत्रक उद्यमों के संसाधन**	5,15,556
	7.1. आंतरिक संसाधन	4,09,000
	7.2. बजट-बाह्य संसाधन	1,06,556
8.	**केन्द्रीय योजना के लिए संसाधन (6+7)**	**9,21,291**

टिप्पणीः- कोष्ठक में दी गई संख्या, योजना के लिए जी बी एस का प्रतिशत है ।

तालिका 3.4

केन्द्र के संसाधनों के दसवीं योजना पूर्वानुमान और नौवीं योजना प्राप्ति

(जी डी पी की प्रतिशतता के रूप में)

वित्तपोषण के स्रोत	नौवीं योजना प्राप्ति	दसवीं योजना पूर्वानुमान	वृद्धि (+) कमी (-)
1. चालू राजस्व से शेष (बी सी आर)	-1.98	-0.04	(+) 1.94
2. निवल एम सी आर सहित उधार	5.78	4.78	(-) 1.00
3. विदेश से निवल प्रवाह	0.22	0.19	(-) 0.03
4. योजना के लिए सकल बजटीय सहायता	4.02	4.93	(+) 0.91
5. राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता	-1.76	-2.09	(-) 0.33
6. केन्द्रीय योजना के लिए जी बी एस (4+5)	**2.26**	**2.84**	**(+) 0.57**
7. सरकारी क्षेत्रक उद्यमों के संसाधन	2.90	3.60	(+) 0.70
7.1. आंतरिक संसाधन	2.15	2.85	(+) 0.70
7.2. बजट-बाह्य संसाधन	0.75	0.75	-
8. केन्द्रीय योजना के लिए संसाधन (6+7)	**5.16**	**6.44**	**(+) 1.27**

3.20 तालिका 3.3 में यथापरिकल्पित वित्त पोषित पद्धति एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसकी सीमा का अनुमान, नौवीं योजना के प्राप्ति के साथ दसवीं योजना के पूर्वानुमानित स्तरों की तुलना करके लगाया जा सकता है। तालिका 3.4 में, जी डी पी की दृष्टि से केन्द्र के संसाधनों का दसवीं योजना पूर्वानुमान और नौवीं योजना प्राप्ति दर्शाई गई है।

3.21 इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बाक्स 3.1 में दिए गए उपाय आवश्यक होंगे।

बाक्स 3.1

- आय कर प्रशासन के सुधरे प्रवर्तन को सुकर बनाने के लिए आय कर पद्धति का व्यापक कंप्यूटरीकरण और मौद्रिक लेन-देन में कर विनिर्धारण संख्याओं का सार्वजनिक उपयोग।
- निगमित कर के अंतर्गत अनावश्यक छूटों के संबंध में नीतिगत मार्गनिर्देश जारी रहने चाहिए जिससे कि निगमित आय, जो कराधान के अधीन है, कंपनियों द्वारा यथा घोषित बुक लाभ के आस-पास रहे।
- विद्यमान छूटों, विशेष रूप से लघु उद्योगों के तहत छूटों के संबंध में और अधिक कठोरता बरतते हुए, धीरे-धीरे एक वास्तविक एकल उत्पाद शुल्क की ओर बढने की वर्तमान नीति, कर अनुपालन सुधार करने की दृष्टि से, जारी रहनी चाहिए ।
- संघीय उत्पाद शुल्क पद्धति के तहत सेवा कर की व्याप्ति का निरंतर रूप से विस्तार किया जाना चाहिए ताकि कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था की अधिक व्याप्ति के माध्यम से कहीं अधिक कर उत्प्लावकता प्राप्त की जा सके ।
- राज्य स्तर पर "वाट" का विस्तार, केन्द्रीय "वाट" के साथ इसके एकीकरण को सुकर बनाने तथा विभिन्न कर प्राधिकारियों द्वारा आरोपित कर दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए, शीघ्रातिशीघ्र किया जाना चाहिए ।
- शीर्ष सीमा शुल्क टैरिफ को लगातार कम किया जाना चाहिए जिससे कि विश्व अर्थव्यवस्था के साथ इसका अधिक एकीकरण gk और परिणामतः आयातों की बड़ी मात्रा के माध्यम से सीमा शुल्क राजस्व बढ़ाना सुकर हो सके क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में विस्तार से इसमें बढ़ोत्तरी होगी ।
- प्रयोक्ता प्रभार में वृद्धि की जानी चाहिए ताकि लागत के वसूली स्तर प्राप्त हो सकें तथा आम जनता को आश्वस्त पद्धति उनके अपने हित में होगी, संचार अभियान द्वारा स्वीकार्य बनाया जाना चाहिए।

- व्यय सुधार आयोग द्वारा उर्वरक सब्सिडी में धीरे-धीरे कटौती करके और एन पी आर ई को कम करने के लिए पैट्रोलियम सब्सिडी को पूर्णतः समाप्त करने का जो मार्ग प्रशस्त किया गया है, उसकी सिफारिशों को कार्यान्वित किया जाना चाहिए।
- खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम के डिजाइन में परिवर्तन किया जाना चाहिए जिससे कि खाद्य सब्सिडी को कम करने और साथ ही प्रभावी ढंग से काम करने के वास्ते न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार की बजाए काम के लिए खाद्य कार्यक्रम अपनाया जाना चाहिए।
- सरकार के वेतन और भत्तों में कटौती निरंतर की जानी चाहिए क्योंकि पांचवे वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन को देखते हुए, स्टाफ को कम करना एन पी आर ई को कम करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
- भारतीय रेलवे और विद्युत क्षेत्रक के.स.क्षे.उ.के प्रचालन कार्यकुशलता में सुधार किया जाना चाहिए जिससे कि अंततः सभी बजटीय सहायता को समाप्त किया जा सके और देश में परिवहन तथा विद्युत सुविधाओं का विस्तारा करने के लिए पर्याप्त आंतरिक संसाधन जुटाए जा सकें ।

नौवीं योजना (1997-2002) के दौरान राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के संसाधन

3.22 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के नौवीं योजना संसाधन 1996-97 कीमतों पर 3,69,839 करोड़ रुपए प्रक्षेपित किए गए थे। तुलनीय कीमतों पर, प्राप्ति 2,99,131 करोड़ रुपए अथवा प्रक्षेपित स्तर के 80.9 प्रतिशत की थी। तथापि, वित्त पोषण की प्राप्ति पद्धति, प्रक्षेपित स्तरों से काफी भिन्नता प्रदर्शित करती है। तालिका 3.5 में नौवीं योजना संसाधनों के प्रक्षेपण तथा प्राप्ति व उनके वित्त पोषण के स्रोत सारांश में दर्शाए गए हैं।

तालिका 3.5

राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के नौवीं योजना संसाधन

(1996-97 कीमतों पर करोड़ रुपए)

वित्तपोषण के स्रोत	प्रक्षेपण	प्राप्ति	% वृद्धि
1. चालू राजस्व शेष	1,372 (0.4)	-1,06,962 (-35.8)	*-7,896.1*
2. सरकारी क्षेत्र उद्यमों के संसाधन	55,030 (15.0)	52,107 (17.4)	*94.7*
2.1. आंतरिक संसाधन	14,890 (4.1)	-35,416 (-11.8)	*-337.9*
2.2. बजट-बाह्य संसाधन	40,140 (10.9)	87,523 (29.2)	*218.0*
3. निवल एम सी आर सहित उधार	1,43,419 (38.6)	2,15,592 (72.1)	*150.3*
4. राज्यों के स्वयं के संसाधन (1 से 3)	**1,99,821 (54.0)**	**1,60,737 (53.7)**	***80.4***
5. केन्द्रीय सहायता	1,70,018 (46.0)	1,38,394 (46.3)	*81.4*
6. कुल योजनागत संसाधन (6+7)	**3,69,839 (100.0)**	**2,99,131 (100.0)**	***80.9***

नोटः- कोष्ठक में दी गई संख्या, कुल योजना संसाधन का प्रतिशत है ।

3.23 जैसाकि तालिका में दर्शाया गया है, बी सी आर में 7,896.1 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे योजना संसाधनों से काफी उधार खप गए । इसलिए उधारों में प्रक्षेपित स्तर से 150.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिससे कि योजनागत संसाधनों को कुछ समर्थन प्रदान किया जा सका। नौवीं योजना में ऋण-भिन्न से ऋण वित्त पोषण की दिशा में काफी बदलाव आया। बी सी आर द्वारा परिलक्षित ऋण-भिन्न वित्त पोषण में, जिससे थोड़ा अधिशेष के योगदान की उम्मीद की गई थी, ऋणात्मक 35.8 प्रतिशत का योगदान प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप, उधारों का योगदान, जिसका 38.6 प्रतिशत का प्रक्षेपण किया गया था, नौवीं योजना संसाधनों का 72.1 प्रतिशत रहा।

3.24 उपलब्ध साक्ष्य से पता चलता है कि बी सी आर में गिरावट राजस्व और व्यय सम्बद्ध कमियों, दोनों का ही परिणाम है। एन पी आर ई में वृद्धि, नौवीं योजना अवधि के दौरान चालू राजस्व में वृद्धि की तुलना में काफी अधिक थी। पांचवें वेतन आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन ने एन पी आर ई की तीव्र वृद्धि में काफी योगदान किया। अकेले एक वर्ष में वेतन तथा पेंशन अदायगियों में वेतन आयोग पूर्व स्तर से लगभग एक-तिहाई की वृद्धि हुई। इस प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता था किन्तु स्टाफ संख्या को कम करने की असमर्थता रही। इसके अलावा, नौवीं योजना के अंतिम वर्ष में ब्याज अदायगियों में, बड़ी मात्रा में उधार जुटाने के कारण निरपेक्ष दृष्टि से आधार वर्ष स्तर से ढाई गुणा तक की वृद्धि हुई।

3.25 राजस्व प्राप्तियों के अंतर्गत केन्द्रीय करों में राज्यों के हिस्से में नौवीं योजना अवधि के दौरान जी डी पी के 0.14 प्रतिशतांक तक कमी आई। इसका कारण औद्योगिक मंदी थी, जिससे संघीय उत्पाद शुल्क राजस्व में वृद्धि की दिशा में उत्प्लावकता प्राप्त नहीं हो सकी। कर दरों के ऊपरी ओर समायोजन के अनुरूप के बिना "मोडवाट" के कवरेज में विस्तार के कारण राजस्व हानियों को भी जी डी पी की दृष्टि से केन्द्र के सकल कर राजस्व के गिरते अनुपात का एक और कारण बताया जाता है। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के स्वयं के कर राजस्व भी प्रथम के उत्प्लावकता कारक को पार करने में असमर्थ रहे। औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए, कर दरों को कम करने तथा साथ ही प्रदत्त अनेक राजकोषीय रियायतों के फलस्वरूप भी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के बीच अत्यधिक प्रतिस्पर्धा से भी उनके स्वयं के कर राजस्व को बढ़ाने में मदद नहीं मिली । खनिजों पर रायल्टी दरें बढ़ाने की केन्द्र की असमर्थता के कारण उनके स्वयं के कर भिन्न राजस्व को बढ़ाने में मदद नहीं मिली। राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र सिंचाई व अन्य विभागीय सेवाओं पर प्रयोक्ता भार पर्याप्त रूप से नहीं बढ़ा सके।

3.26 राज्य सरकार क्षेत्रक उद्यमों (रा. स. क्षे. उफ.) के संसाधनों का योगदान प्रक्षेपित स्तर का 94.7 प्रतिशत प्राप्त हुआ। तथापि, प्राप्ति 100 प्रतिशत से अधिक होती यदि आई आर में गिरावट न आई होती । ऋ- ७- प्द्- ध्र- के आई आर से, जिनसे योजना संसाधनों के 4.1 प्रतिशत के योगदान का पूर्वानुमान था, ऋणात्मक 11.8 प्रतिशत के योगदान की प्राप्ति हुई। आई आर में लगभग 16 प्रतिशतांक की गिरावट का वित्त पोषण मुख्य रूप से स.क्षे.उ. के ई बी आर में वृद्धि करके किया गया । योजना संसाधनों के लिए ई बी आर के योगदान में, जिसका 10.9 प्रतिशत का पूर्वानुमान लगाया गया था, 29.2 प्रतिशत की प्राप्ति हुई, जो लगभग 19 प्रतिशतांक की वृद्धि का द्योतक है।

3.27 आई आर में गिरावट से राज्य विद्युत बोर्डो (ऋ-ढदृ-हत्द्भ्इ) के असंतोषजनक निष्पादन का पता चलता है, जिनकी चालू लागत, चालू राजस्व द्वारा कवर किए जाने में अधिकाधिक असमर्थ रही है। प्रशासन और स्थापना पर अनुत्पादक व्यय में, प्रयोक्ता प्रभारों में तदनुरूपी वृद्धि के बिना, तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसी बातों से विद्युत क्षेत्रक सुधारों के महत्व में वृद्धि होती है, जिनसे रा.वि. बोर्ड अपनी परिसंपत्तियों पर कम से कम 3 प्रतिशत का अर्जन करने में समर्थ हो सकते हैं।

3.28 आई आर में विशाल गिरावट के बावजूद, नौवीं योजना पूर्वानुमानों की तुलना में, योजना संसाधनों के लिए ई बी आर का योगदान तीन गुणा होने का अर्थ, गारंटियों का अविवेकपूर्ण इस्तेमाल है, जिन्हें राज्य सरकारें, उधार जुटाने के लिए रा.स.क्षे.उ. के संबंध में जारी करती हैं। गारंटियां जारी करने में समाहित आकस्मिक देनदारी का भार संभवतः राज्य बजटों पर पड़ेगा यदि रा.स.क्षे.उ. आंतरिक संसाधन जुटाव में सुधार नहीं करें । ऐसी स्थिति में राज्यों के वित्त के राजकोषीय शेषों पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

3.29 योजना संसाधनों के लिए उधारों के 38.6 प्रतिशत प्रक्षेपित योगदान के विपरीत, नौवीं योजना में 72.1 प्रतिशत की प्राप्ति हुई, जो लगभग 34.0 प्रतिशतांक की वृद्धि को दर्शाता है। दुर्भाग्यवश उधारों में इतनी बड़ी वृद्धि का प्रयोग, योजना संसाधनों को सुदृढ़ करने की बजाए, बी सी आर अंतर को कम करने के लिए किया गया । उधारों में तीव्र वृद्धि से निजी बचतों पर सरकारी क्षेत्रक ड्राफ्ट में भी वृद्धि हुई जैसा कि जी डी पी की प्रतिशतता में नौवीं योजना के प्रारंभ में 17.8 प्रतिशत से अंत में 25.9 प्रतिशत के रूप में राज्या के बकाया ऋण में वृद्धि में अंतर्निहित है । इसके साथ-साथ ज्यादा ऋण भार असंघारणीय बन गया क्योंकि इसके साथ ही ब्याज अदायगियों की वृद्धि राजस्व में तदनुरूप वृद्धि की अनुरूप नहीं थी। राजस्व प्राप्तियों की प्रतिशतता के रूप में ब्याज अदायगियां नौवीं योजना के प्रारंभ में 16.7 प्रतिशत से बढ़कर अंत में 22.8 प्रतिशत हो गईं।

3.30 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय सहायता की प्राप्ति प्रक्षेपित स्तर का 81.4 प्रतिशत थी। तथापि, योजना संसाधनों के लिए इसका प्राप्ति योगदान वहीं रहा जो लगभग 54 प्रतिशत का प्रक्षेपित था। नौवीं योजना अवधि के दौरान राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की योजनाओं के लिए जी बी एस का महत्व अपरिवर्तित रहा। किन्तु, निरपेक्ष दृष्टि से कमी, केन्द्रीय सहायता के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए केन्द्र के बढ़ते बजटीय दबाव के महत्व को प्रकट करती है।

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के दसवीं योजना (2002-07) संसाधनों का पूर्वानुमान

3.31 दसवीं योजना के दौरान जी डी पी की 8 प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने के लिए सरकारी क्षेत्रक निवेश में वृद्धि करने की जरूरत को देखते हुए, राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की योजनाओं के लिए बजटीय संसाधनों में, 2001-02 में जी डी पी के 3.85 प्रतिशत से 2006-07 में 4.20 प्रतिशत तक बढ़ जाने का पूर्वानुमान है । दसवीं पंचवर्षीय योजना का औसत 4.10 प्रतिशत है जबकि नौवीं योजना की प्राप्ति 3.14 प्रतिशत थी।

3.32 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की राजकोषीय संघारणीयता केन्द्र की अपेक्षा अधिक दुर्बल है तथा उसमें ज्यादा सुधार किए जाने की जरूरत है। तदनुसार, सकल राजकोषीय घाटा, जो 2001-02 में जी डी पी का 4.47 प्रतिशत था, 2006-07 में कम होकर 2.19 प्रतिशत पूर्वानुमानित है, जिससे दसवीं योजना का औसत 3.19 प्रतिशत होगा । नौवीं योजना औसत 3.37 प्रतिशत था। सकल राजकोषीय घाटे का प्रक्षेपित स्तर अपने उधारों में, एम सी आर तथा केन्द्रीय सहायता के ऋण संघटक सहित, अंतर्निहित है। दसवीं योजना में एम सी आर को मिलाकर स्वयं के उधार, जी डी पी के 1.82 प्रतिशत पर आकलित किए गए हैं, जो नौवीं योजना के दौरन प्राप्त 2.74 प्रतिशत से कम हैं। दसवीं योजना में केन्द्रीय सहायता जी डी पी की 2.09 प्रतिशत आकलित की गई है, जो नौवीं योजना के दौरान प्राप्त से 1.76 प्रतिशत अधिक है।

3.33 बी सी आर, जी डी पी का 0.19 प्रतिशत लगाया गया है। इतना बी सी आर प्राप्त करने के वास्ते योजना-भिन्न राजस्व प्राप्तियां, 2001-02 में जी डी पी के 10.27 प्रतिशत से 2006-07 में बढ़कर 11.00 प्रतिशत होनी चाहिए, 0-73 ifr'kr dh of¼ एन पी आर ई 2001-02 में जी डी पी के 12.15 प्रतिशत से कम होकर 10.32 प्रतिशत होना चाहिए, 1.83 प्रतिशतांक की कमी। इस प्रकार, दसवीं योजना के दौरान बी सी आर में 2.56 प्रतिशतांक का सुधार मुख्य रूप से एन पी आर ई के संकुचन से प्राप्त करने का प्रयास है।

3.34 रा.स.क्षे.उ. के आई आर और ई बी आर राज्य सरकारों के परामर्श से तय किए जाते हैं । आई आर में, विशेष रूप से रा.वि.बोर्डों के आई आर में, सुधार करने की जरूरत पर बल दिया गया। तदनुसार, दसवीं योजना के संबंध में जी डी पी के -0.05 प्रतिशत पर, आई आर का पूर्वानुमान लगाया गया, जो नौवीं योजना के दौरान प्राप्त -0.45 प्रतिशत के स्तर से कहीं अधिक बेहतर है । काफी विचार-विमर्श के पश्चात, जिसके अंतर्गत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की आकस्मिक देनदारियों में कटौती करने का विचार व्यक्त किया गया, ई बी आर का पूर्वानुमान दसवीं योजना में जी डी पी के 0.63 प्रतिशत पर लगाया गया है, जो नौवीं योजना के दौरान प्राप्ति 1.11 प्रतिशत से कम है । इसलिए दसवीं योजना में रा.स.क्षे.उ. के कुल संसाधनों का पूर्वानुमान जी डी पी का 0.58 प्रतिशत पर लगाया गया है, जो नौवीं योजना के दौरान प्राप्त 0.66 प्रतिशत से कुछ कम है। तालिका 3.6 में दसवीं योजना संसाधनों और दसवीं योजना में राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के इसके वित्त पोषण का उल्लेख किया गया है।

3.35 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के कुल योजनागत

तालिका 3.6
राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के संसाधनों के दसवीं योजना पूर्वानुमान

(2001-02 कीमतों पर करोड़ रुपए)

वित्तपोषण के स्रोत	दसवीं योजना पूर्वानुमान
1. चालू राजस्व शेष	26,578 (4.0)
2. सरकारी क्षेत्र उद्यमों के संसाधन	82,684 (12.3)
2.1. आंतरिक संसाधन	-7,760 (-1.2)
2.2. बजट-बाह्य संसाधन	90,444 (13.5)
3. निवल एम सी आर सहित उधार	2,61,482 (39.0)
4. राज्यों के स्वयं के संसाधन (1 से 3)	**3,70,744 (55.3)**
5. केन्द्रीय सहायता	3,00,265 (44.7)
6. कुल योजना संसाधन (4 + 5)	**6,71,009 (100.0)**

नोट : कोष्ठक में दी गई संख्या, कुल योजना संसाधनों का प्रतिशत है।

संसाधन 2001-02 कीमतों पर 6,71,009 करोड़ रुपए आकर्षित किए गए हैं, जिनमें 3,70,744 करोड़ रुपए के स्वयं के संसाधन और 3,00,265 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता सम्मिलित है। कुल समुच्चय योजना संसाधनों में से, बजटीय संसाधन 5,88, 325 करोड़ रुपए तय किए गए हैं।

3.36 एक वित्त पोषण पद्धति, जैसी कि वह परिकल्पित है, एक बृहत कार्य है, जिसकी सीमा का अनुमान दसवीं योजना पूर्वानुमानों की नौवीं योजना प्राप्तियों के साथ तुलना करके लगाया गया है। तालिका 3.7 में, जी डी पी की दृष्टि से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के संसाधनों की नौवीं योजना प्राप्ति तथा दसवीं योजना पूर्वानुमान दर्शाए गए हैं।

3.37 बाक्स 3.2 में वर्णित उपाय ये लक्ष्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं ।

3.38 योजना आयोग ने मुख्य दसवीं योजना संसाधनों के पूर्वानुमानों के बारे में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के साथ चर्चाएं आयोजित की। मुख्य दसवीं योजना संसाधनों का पूर्वानुमान, जी डी पी की 8 प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने के लिए अपेक्षित स्तर से निम्न स्तर पर था। इसका कारण यह

तालिका 3.7

राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के संसाधनों की नौवीं योजना प्राप्ति और दसवीं योजना अनुमान

(जी डी पी के प्रतिशत के रूप में)

वित्तपोषण के स्रोत	नौवीं योजना प्राप्ति	दसवीं योजना पूर्वानुमान	वृद्धि (+) कमी (-)
1. चालू राजस्व शेष	-1.36	0.20	(+)1.56
2. सरकारी क्षेत्र उद्यमों के संसाधन	0.66	0.58	(-) 0.08
2.1. आंतरिक संसाधन	-0.45	-0.05	(+) 0.40
2.2. बजट-बाह्य संसाधन	1.11	0.63	(-) 0.48
3. निवल एम सी आर सहित उधार	2.74	1.82	(-) 0.92
4. राज्यों के स्वयं के संसाधन (1 से 3)	**2.04**	**2.60**	**(+) 0.56**
5. केन्द्रीय सहायता	1.76	2.09	(+) 0.33
6. कुल योजना संसाधन (4 + 5)	**3.80**	**4.69**	**(+) 0.89**

बाक्स 3.2

- कर आधार में सेवाएं शामिल करके, कर छूटों और रियायतों को दूर करके, कर दरों को तर्कसंगत बनाकर, कर प्रशासन को सुदृढ़ करके तथा एक एकीकृत 'वाट' व्यवस्था अपनाकर, केन्द्र और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का कर/जी डी पी अनुपात सुधारना।
- विभागीय सेवाओं का प्रयोक्ता प्रभार बढ़ाकर, प्रशासनिक और स्थापना लागत में कटौती करके खर्च कम करके और निजीकरण तथा खनिजों पर रायल्टी की मूल्यानुसार दरें अपनाने के केन्द्र के उपाय के माध्यम से बजट-आधारित सब्सिडियों में कमी।
- निवल छटाई की नीति अपनाकर स्टाफ की संख्या कम करना और सेवानिवृत्त लाभों व ऋण परिशोधन, स्वःवित्तपोषण जैसी वचनबद्ध अदायगियां करने के लिए पेंशन तथा परिशोधन निधि गठित करना।
- एक 'राजकोषीय जिम्मेदारी तथा बजट प्रबंधन' विधेयक अधिनियमित करना जिसके अंतर्गत उधार चालू स्तरों से जी डी पी अनुपात की दृष्टि से अ-वृद्धिकारी ऋण प्राप्त करने के लिए सीमित होंगे जिससे कि ब्याज अदायगियों का भार कम किया जा सके।
- विद्युत क्षेत्रक l/kjk dk dk;kZUor djd jkT;k d lkotfud {k=k d miØek d vkrfjd llk/uk dk lèkkj vkj jkT; xkjfV;k d eí ij fo/k;h vFkok i'kklfud lhek d ekè;e l jkT; ctVk ij vkdfLed nunkfj;k d Hkkj dk de djukA

